INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6- 3rd Lang.	Department: Hindi	Date of submission: 27-10-22
Worksheet No: 5	Topic: अर्थग्रहण	Note: Pl. file in portfolio

दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए |

एक गाँव में दो मित्र नकुल और सोहन रहते थे। नकुल बहुत धार्मिक था जबकि सोहन बहुत मेहनती था। एक बार दोनों ने मिलकर तीन बीघे ज़मीन खरीदी। उस ज़मीन पर अधिक फ़सलें उगा कर वे अपने-अपने घर बनाना चाहते थे। सोहन खेत में बहुत मेहनत करता था लेकिन नकुल कुछ काम नहीं करता बल्कि मंदिर में जाकर भगवान से अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करता था।

कुछ समय बाद खेत की फसल तैयार हो गई। दोनों ने बाज़ार जाकर फसल को बेच दिया और उन्हें अच्छे पैसे मिले। घर आकर सोहन ने नकुल से कहा कि इस धन का ज़्यादा हिस्सा मुझे मिलेगा क्योंकि मैंने खेत में ज़्यादा मेहनत की है। यह बात सुनकर नकुल बोला कि नहीं धन का ज़्यादा हिस्सा मुझे मिलना चाहिए क्योंकि मैंने भगवान से इसके लिए प्रार्थना की थी, तभी अच्छी फ़सल हुई। जब दोनों इस बात को आपस में नहीं सुलझा सके तो धन के बँटवारे के लिए वे गाँव के मुखिया के पास पहुँचे।

मुखिया ने दोनों को एक-एक बोरा चावल दिया और कहा कि कल सुबह तक तुम दोनों को इसमें से चावल और कंकड़ अलग करके लाने है, इसके बाद ही मैं निर्णय करूँगा कि इस धन का ज्यादा हिस्सा किसे मिलना चाहिए। दोनों चावल की बोरी लेकर अपने-अपने घर चले गए। सोहन ने रात भर जागकर चावल और कंकड़ अलग-अलग किए। लेकिन नकुल चावल की बोरी को लेकर मंदिर में गया और उसने भगवान से चावल में से कंकड़ अलग करने की प्रार्थना की।

अगले दिन दोनों मुखिया के पास गए । सोहन की चावल की बोरी साफ़ थी जबकि नकुल की चावल की बोरी वैसी की वैसी थी। जमींदार ने नकुल से कहा कि भगवान भी तभी हमारी सहायता करते हैं जब हम मेहनत करते हैं। जमींदार ने धन का ज़्यादा हिस्सा सोहन को दिया । इसके बाद नकुल भी सोहन की तरह ही खेत में मेहनत करने लगा और अबकी बार उनकी फ़सल पहले से भी अच्छी हुई ।

1. नकुल और सोहन कहाँ रहते थे?

   मंदिर के पीछे   एक गाँव में   शहर से दूर   नदी के किनारे

2. सोहन कैसा लड़का था ?

शरारती मेहनती आलसी डरपोक

3. दोनों मित्रों ने कितनी जमीन खरीदी ?

चार बीघे एक बीघा तीन बीघे दो बीघे

4. नकुल और सोहन फ़सल उगाकर क्या बनाना चाहते थे ?

कुटिया घर बगीचा मंदिर

5. धन के बँटवारे को लेकर दोनों किसके पास गए ?

गाँव के मुखिया के पास पुजारी के पास

अध्यापक के पास राजा के पास

6. चावल में क्या मिला था ?

दाल चीनी कंकड़ सूखे पत्ते

7. नकुल क्या लेकर मंदिर गया ?

गेहूँ की बोरी दाल की बोरी

नमक की बोरी चावल की बोरी

8. नकुल ने मंदिर में जाकर भगवान से किसके लिए प्रार्थना की ?

धन के लिए चावल में से कंकड़ अलग करने के लिए

बारिश के लिए नौकरी के लिए

9. किसकी चावल की बोरी वैसी की वैसी थी?

राहुल सोहन रोहन नकुल

10. भगवान किनकी सहायता करते हैं ?

आराम करने वालों की खेलने वालों की

मेहनत करने वालों की आलस करने वालों की

••••••••••••••